कार्यालय, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रोहतक

सार्वजनिक सूचना

सभी संबंधित पात्र उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि तदर्थ/संविदा आधार पर ड्राइवर (सामान्य श्रेणी) छह महीने की अवधि के लिए या माननीय पंजाब एवं हरियाणा, उच्च न्यायालय, चंडीगढ़, द्वारा नियमित नियुक्ति होने तक (जो भी पहले हो), जिसके लिए विज्ञापन सूचना 18.04.2024 को प्रकाशित की गई थी, उक्त पद की भर्ती हेतु साक्षात्कार दिनांक 27.05.2024 को दोपहर 2:00 बजे से, न्यायिक परिसर भवन, रोहतक में आयोजित किए जायेंगे।

सभी पात्र उम्मीदवारों की सूची एनेक्सचर '**A**' के रूप में रोहतक न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर डाल दी गई है। किसी भी उम्मीदवार को अलग से कोई बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा। अतः सभी पात्र उम्मीदवारों को नियत तिथि और समय पर साक्षात्कार में भाग लेने हेतु पहुँचना अनिवार्य है।

योग्य उम्मीदवारों का मूल्यांकन साक्षात्कार में उनके (i) सामान्य ज्ञान (ii) योग्यता (iii) उपयुक्तता के आधार पर अंक देकर किया जाएगा। इसके बाद, मूल्यांकन के आधार पर चयनित उम्मीदवारों को ड्राइवर के उक्त पद के लिए ड्राइविंग की परीक्षा के लिए, गठित चयन समिति द्वारा बुलाया जाएगा।

सभी उम्मीदवार, जिनके आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि यानी 29.04.2024 के बाद प्राप्त हुए हैं, को विज्ञापन सूचना के नियमों और शर्तों के अनुसार एक मुश्त खारिज कर दिया गया है। ऐसे उम्मीदवारों की सूची रोहतक न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर एनेक्सचर '**B**' के रूप में अपलोड की गई है।

दिनांक: 22.05.2024

आदेशानुसार
जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
रोहतक.